एक नजर में

देशी घी के नमूने लिए, 364.5 लीटर घी जब्त

खरगोन : कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के जवाहर नगर स्थित ब्रजेश ट्रेडिंग कंपनी पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा धोलपूर फ्रेश देशी घी के चार नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। संदेह के आधार पर जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक कुल 364 .5 लीटर घी विधिवत जब्त किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एचएल अवास्या ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित विक्रेता व निर्माता फर्म के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

डूबने व जहरीले जीव के काटने से दो की मौत

खरगोन : जिले में डूबने व जहरीले जीव के काटने के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार ऊन थाने के ग्राम गंधावड़ निवासी संतोष (36) पिता शंकरलाल को मृतावस्था में अस्पताल लाया गया। स्वजनों के अनुसार डूबने से उसकी मौत हो गई थी। वहीं बलकवाड़ा थाने के बामंदी निवासी रामलाल पटेल की जहरीले जीव के काटने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। स्वजन गुरुवार दोपहर अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

जामगेट रोड पर मिला युवक का शव

मंडलेश्वर : जामगेट रोड पर गुरुवार शाम एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की शिनाख्त जावेद (37) पिता इब्राहिम निवासी ग्राम डोंगरगांव (थाना बड़गोंदा) के रूप में हुई है। एएसआई बीएस डिंडोर ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा है। वह लिफ्ट लेकर दरगाह दर्शन करने आया और फिर किसी अन्य वाहन से जामगेट से नीचे नगर की ओर आया था। प्रारंभिक रिपोर्ट में मौत का कारण हृदयाघात लग रहा है। वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अफसरों व जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच बैठकर जानीं उनकी जरूरतें

जन-विश्वास अभियान ● जम्बूपानी गांव पहुंचा पूरा जिला प्रशासन, सुनी समस्याएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर : सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान की शुरुआत जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर स्थित पहाड़ी गांव जम्बूपानी से की गई। जहां पूरा जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी जरूरतों को समझा और समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी लेते कलेक्टर हर्ष सिंह व अन्य। ● नईदुनिया

जैविक खेती के लिए प्रेरित किया

अधिकारियों ने ग्रामीणों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के समन्वय से क्षेत्र में मसाला प्रोसेसिंग यूनिट की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। जिससे स्थानीय कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर किसानों की आय बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया कि जम्बूपानी क्षेत्र में बड़े स्तर पर अजवाइन की खेती की जाती है। क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिए 51 लाख रुपये की लागत से विद्यालय भवन स्वीकृत किया गया है। उन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचे : कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य नागरिकों के बीच पहुंचकर उन्हें शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचे। यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों को फार्मर आइडी के महत्व एवं इसके लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने क्षेत्र के पटवारी को निर्देशित किया कि शेष किसानों की फार्मर आइडी बनाने का कार्य आगामी 10 दिवस में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। ग्रामीणों से सीधे संवाद कर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल उपलब्धता, आवास, शिक्षा, राशन वितरण, कानून व्यवस्था, पहुंच मार्ग सहित विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

योग प्राणायाम से शरीर को रखें स्वस्थ, बने सतर्क

पानसेमल : स्वस्थ हैं तो होशियार भी बनो। होशियार है तो स्वस्थ बनों। योग प्राणायाम से शरीर को स्वस्थ रखें। अपनी सेहत के प्रति सतर्क बने। यह बातें योग गुरु कृष्ण कांत सोनी ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बंधारा बुजुर्ग के छात्र छात्राओं को निशुल्क योग शिविर में कही। योग गुरु ने निशुल्क योग शिविर में अर्धचंद्र आसन, पर्वत आसन, हास्य आसन, ताली क्रिया, आदि अनेकों जीवन उपयोगी योग के गुर सिखाएं।

दो साल से बंद पड़ा चारूवा स्वास्थ्य केंद्र शुरू कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

दो साल से बंद पड़ा है चारूवा स्वास्थ्य केंद्र। ● नईदुनिया

खिरकिया : ग्राम चारूवा में शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के जनसंवाद एवं समाधान शिविर में क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की। युवा उपभोक्ता कल्याण समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दो वर्ष से तैयार होकर भी बंद पड़े शासकीय स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र शुरू करने की मांग की।

समिति ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम चारूवा (तहसील खिरकिया) में लगभग दो वर्ष पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से शासकीय स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन आज तक उसमें ताला लगा हुआ है। स्वास्थ्य केंद्र शुरू नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ होने से आसपास के 40 से 50 गांवों की करीब 50 हजार आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में प्रसव, दुर्घटना एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को 20 से 30 किलोमीटर दूर हरदा या टिमरनी ले जाना पड़ता है। इससे कई बार मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है, जबकि गरीब एवं आदिवासी परिवारों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

युवा उपभोक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष संजय गंगराड़े एवं अभिषेक तिवारी ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित शासकीय भवन दो वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है, जो शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग है। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था कर इसे आमजन के लिए शुरू किया जाए।इस दौरान समिति के अभिषेक तिवारी, राजेश बघेला, गणेश बघेला, राजेश जसवाल, राजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

नगर विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर आयुक्त ने जताई सहमति

आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे का स्वागत करतीं महापौर माधुरी पटेल। ● नईदुनिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर : शुक्रवार को आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग संकेत भोंडवे एक दिवसीय प्रवास पर शहर पहुंचे। नगर निगम पहुंचने पर महापौर माधुरी पटेल ने उनका स्वागत किया। सभागार में आयोजित बैठक में महापौर ने नगर के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषय आयुक्त के समक्ष रखे।

उन्होंने नगर निगम की भूमि पर गीता भवन निर्माण के संबंध में पत्र देते हुए योजना को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। साथ ही नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक वैज्ञानिक व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से साइंटिफिक लैंडफिल के लिए डीपीआर तैयार कराने के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने का आग्रह किया। आयुक्त भोंडवे ने दोनों प्रस्तावों पर सकारात्मक सहमति व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक के दौरान महापौर ने नगर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार व भविष्य की विकास योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर आयुक्त ने नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए नगर वन की स्थापना के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराने की बात कही। नगर में एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। बैठक में एमआइसी सदस्यों के साथ विभिन्न विकास कार्यों, जनसुविधाओं एवं नगर हित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रवास के दौरान भोंडवे ने प्रसिद्ध कुंडी भंडारे का भी निरीक्षण किया।

हर घर तिरंगा अभियान व संत रविदास जयंती को लेकर हुई भाजपा की बैठक

बैठक में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी व जन प्रतिनिधि। ● नईदुनिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर : शुक्रवार को शाहपुर में भाजपा मंडल की मासिक कामकाजी बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. मनोज माने, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष साधना तिवारी, उपाध्यक्ष रजनी चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक में हर घर तिरंगा अभियान, संत रविदास जयंती अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तीकरण, संगठन विस्तार तथा प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु प्रत्येक बूथ तक संगठन की सक्रियता बढ़ाने एवं कार्यकर्ताओं के समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में संगठन के इंटरनेट मीडिया नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने, भाजपा की रीति-नीति, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की गतिविधियों को बूथ तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई। शाहपुर मंडल प्रभारी चिंतामन महाजन ने प्रदेश से आए पत्रक का बैठक में वाचन कर कार्यक्रमों की समीक्षा की।

मंडल अध्यक्ष आकाश राखोंडे ने शक्ति केंद्र एवं बूथ की बैठकों के बारे में विस्तार पूर्वक बताकर उनकी महत्ता को समझाया।

तिरंगा यात्रा एवं मन की बात कार्यक्रम को लेकर नावरा में हुई बैठक

नेपानगर : नावरा मंडल की भाजपा कामकाजी बैठक हुई। जिसमें में संगठनात्मक विषयों के साथ आगामी तिरंगा यात्रा एवं 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मधु चौहान, गजानंद यादव, मंडल अध्यक्ष क्षितिज महाजन, दौलत कोल्हे, मुरली जाधव आदि मौजूद थे।

बोरगांव बुजुर्ग में स्कूली विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया

विद्यार्थियों को नशामुक्ति का दिलाया गया संकल्प। ● नईदुनिया

बोरगांव बुजुर्ग : ग्राम स्थित समस्त शासकीय और अशासकीय स्कूलों में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के तहत संकुल स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें पंधाना की बीके सुरेखा दीदी ने स्कूली विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। साथ ही विद्यार्थियों को अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने की प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

खालवा थाने का एसपी अगम जैन ने किया आकस्मिक निरीक्षण

थाने का निरीक्षण करते एसपी।

नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवा : पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शुक्रवार को थाना खालवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में उपलब्ध संसाधनों, विवेचक कक्ष तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। एसपी ने थाने में लंबित अपराधों एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा सीसीटीएनएस साफ्टवेयर के प्रभावी एवं विधिवत संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने विवेचना कार्य में टैबलेट का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि जांच प्रक्रिया को तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पासपोर्ट सत्यापन एवं चरित्र सत्यापन जैसे जनसेवा से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ मिलना चाहिए तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ करें।

मेडिकल कालेज विद्यार्थियों को एसी बस की सुविधा

मंत्री विजय शाह ने किया बस का लोकार्पण।

नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवा : मेडिकल कालेज के विद्यार्थियों को गुरुवार को वातानुकूलित (एयर कंडीशंड) बस की सौगात मिली। प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डा. कुंवर विजय शाह ने मेडिकल कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि से खरीदी गई एसी बस का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बस में बैठकर कालेज परिसर का भ्रमण भी किया।

मंत्री डा. विजय शाह ने कहा कि इस वातानुकूलित बस की खरीदी के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि से 27.70 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। इसी प्रकार की एक बस हरसूद विधानसभा क्षेत्र में वन विभाग के इको पर्यटन बोर्ड को उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डा. नागार्जुन बी. गौड़ा, मेडिकल कालेज के डीन डा. संजय दादू, अन्य चिकित्सक, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में मेडिकल कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पश्चिम रेलवे

वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना

केटलॉग सं. : Leasing-22191-F1, **अनुबंध का प्रकार** : Leasing of SLR compartment, **लॉट नं.** : Train 22191-SLR-F1-INDB-JBP, **अनुबंध की अवधि** : 03 YEARS, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी **दिनांक 17.08.2026** को **11:00** बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। ADM/4/1/190

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

भंडार विभाग
ई-निविदा सूचना

Bid Number : GEM/2026/B/7834688, दिनांक : 03.08.2026

कार्य का नाम : Dual Desk/Desk and Bench, **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 7448000.00/-, **बयाना राशि जमा** : ₹ 148960/-, **समापन अवधि** : निविदा खुलने के बाद 45 दिनों के भीतर, **Bid दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख** : 18-08-2026 16:00:00, **Bid खोलने का समय और तारीख** : 18-08-2026 16:30:00, **ऑफर की वैधता (दिन)** : 90. निविदा को Gem पोर्टल https://gem.gov.in/ पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी Gem पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। ADM/15/1/188

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

लोकोमोटिव केयर सेंटर, रतलाम
निविदा सूचना

ई-निविदा क्रं. M-DL-EL91-547917-R2, Closing Date : 25.08.2026

कार्य का नाम : Painting of Electric Locomotives at Locomotive Care Centre Ratlam (Qty. 18 loco), **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 4,48,187.94 (सभी करों के साथ) रू. चार लाख अड़तालीस हजार एक सौ सत्तासी एवं चौरानवे पैसा, **बयाना राशि** : ₹ 9,000/- (रू. नौ हजार मात्र), **कार्य की अवधि** : 24 माह, **ऑफर की वैधता** : 60 दिन, **निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** : 25.08.2026, 11:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि** : 25.08.2026, 11:30 बजे । यह टेंडर वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ADM/7/1/189

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना

केटलॉग सं. : Leasing-RTM-I, **अनुबंध का प्रकार** : Leasing of SLR compartment, **लॉट नं.** : Train 19321-SLR-R1-INDB-PNBE, Train 19313-SLR-R1-INDB-PNBE, Train 20414-SLR-F1-INDB-BSB, Train 12962-SLR-R1-INDB-MMCT, Train 19321-SLR-F1-INDB-PNBE, Train 20917-SLR-R1-INDB-PURI, Train 12465-SLR-R1-INDB-BGKT, Train 12962-SLR-F1-INDB-MMCT, Train 19313-SLR-F1-INDB-PNBE, Train 12913-SLR-R1-INDB-NGP, Train 20414-SLR-R1-INDB-BSB, Train 19325-SLR-R1-INDB-ASR, Train 12465-SLR-F1-INDB-BGKT, Train 19305-SLR-R1-DADN-KYQ, Train 20917-SLR-F1-INDB-PURI, Train 19325-SLR-F1-INDB-ASR, Train 12913-SLR-F1-INDB-NGP, **अनुबंध की अवधि** : 03 YEARS, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी **दिनांक 18.08.2026** को **11:00** बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। ADM/4/1/191

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे-रतलाम

प्रथम शुद्धपत्र

ईपीसी निविदा बोली/पैकेज नं. DyCE-C-I-IND-RKGC-EPC-2, दिनांक 30.06.2026, **विवरण: परियोजना / कार्य** का नाम: एनआईटी और निविदा दस्तावेज में पहले से ही मुद्रित: पश्चिम रेलवे की रतलाम- मंदसौर-खंडवा जीसी परियोजना के अंतर्गत विद्युतीकरण सहित कुलथाना (सहित)- राजपुरा (सहित) अनुभाग (लंबाई 13.07 किमी) का गेज रुपांतरण (एमजी से बीजी करना)। **अब इसे इस प्रकार पढ़ा जाए:-** मध्यप्रदेश राज्य में रतलाम-मंदसौर-खंडवा गेज रुपांतरण से संबंधित विद्युतीकरण सहित कुलथाना स्टेशन (सहित) और राजपुरा स्टेशन (सहित) के बीच किमी 28/970 से 42/040 तक नई बीजी लाईन का निर्माण, जिसमें मिट्टी का काम, लघु पुल (03 सं.) और वृहद पुल (07 सं.), स्टेशन भवन, टनल (07 सं.) और मेगा पुल (03 सं.) शामिल है। **एनआईटी और निविदा दस्तावेज में पहले से मुद्रित : कार्य की लगभग लागत : रु. 1112,26,48,783.96 अब इसे इस प्रकार पढ़ा जाए: रु. 1086,65,25,134.55** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे शुद्धपत्र और अन्य जानकारी के लिये ई निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर जाएं। 0457

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालय: खंडवा अंचल
पं. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खंडवा (म.प्र.) 450001

ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना

(ई-नीलामी तिथि 25.08.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का जैसे है जहां है के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

क्र.	शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम	वाहन का विवरण	आरक्षित मूल्य (लाख रू में) ईएमडी (लाख रू में)
1	**शाखा खालवा** शिवानी लोवंशी पत्नि श्री विशाल लोवंशी	BAJAJ PULSAR 125 MP 12 ZD 2202 - (2023)	Rs. 50,400/- Rs. 5,040/-
2	**शाखा खारकलां** रमेश यादव पुत्र श्री राधेश्याम यादव	NEW HOLLAND TRACTORS NHT FORD 3230 MP 12 AB 4363 - (2010)	Rs. 1,30,500/- Rs. 13,050/-

बोलीवृद्धि राशि रू 10,000.00

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें : 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेक्साइट **https://baanknet.com** में जाकर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रह कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृता , सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8, अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिकी की स्थागित करने, टालने रद करने अथवा बिकी की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि ब्याज और अन्य शुल्को को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संसाधन, त्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छक बोलीकर्ता को यूजर आईडी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है । अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्म में उक्त बोली राशि में न्यूनतन एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थागित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्रार्धिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ..... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थान: खण्डवा
दिनांक: 08.08.2026

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया

नईदुनिया
जाहिर सूचना विज्ञापन दर

विज्ञापन साइज	इंदौर	ग्रेटर इंदौर
4x6	₹ 5000	₹ 6000
4x9	₹ 7000	₹ 8000
4x12	₹ 11000	₹ 12000

जाहिर सूचना विज्ञापन दर प्रति स्के. सेमी.

इंदौर ₹ 300/- प्रति स्के. सेमी.
ग्रेटर इंदौर ₹ 400/- प्रति स्के. सेमी.

*जीएसटी अतिरिक्त, नियम एवं शर्तें लागू

बुकिंग हेतु संपर्क करें

9109165972, 9340580409, 0731-4711114/115/119

नईदुनिया
शोक संदेश विज्ञापन दरें

विज्ञापन साइज	इंदौर सिटी	ग्रेटर इंदौर	प्रत्येक जिला
निजी रनिंग (30 शब्द)	₹ 800	₹ 2000	₹ 800
फिक्स साइज 4x6 निजी	₹ 2000	₹ 2500	₹ 1500
फिक्स साइज 4x8	₹ 5000	₹ 6000	₹ 2500
फिक्स साइज 8x8	₹ 8500	₹ 12000	₹ 4000
फिक्स साइज 8x12	₹ 13000	₹ 15000	
फिक्स साइज 12x15	₹ 22000	₹ 30000	
फिक्स साइज 12x20	₹ 35000	₹ 40000	
फिक्स साइज 16x25	₹ 60000	₹ 75000	
अन्य साइज (प्रति स्के. सेमी.)	₹ 160	₹ 200	₹ 75

*जीएसटी अतिरिक्त,
*निजी रनिंग में 30 शब्द के बाद में 10 रु. प्रति शब्द,
100 रु. प्रति फर्म, 100 रु. प्रति, मोबाइल/फोन नंबर अतिरिक्त देय *

नोट : निजी की बुकिंग हेतु पहचान-पत्र साथ में लाना आवश्यक है। नियम व शर्तें लागू, सभी अधिकार नईदुनिया के पास सुरक्षित हैं, उपरोक्त दरें किसी भी समय बदली जा सकती हैं।

बुकिंग हेतु संपर्क करें

5वीं मंजिल, विक्रम अरबेन, 25-ए, स्कीम नंबर 54, इन्दौर

0731-4711114/115/119